रौल नं०..........................नाम परीक्षार्थी..........................

X-10 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2024–25 ई० A

# सामाजिक विज्ञान (केवल एक प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 10 पूर्णांक – 70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं खण्ड–ख है। (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

## खण्ड–क बहुविकल्पीय प्रश्न

सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुकनर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए।

1. वियना की सन्धि कब हुई थी :– 1
(क) 1815 ई. में (ख) 1715 ई. में (ग) 1915 ई. में (घ) 1615 ई. में।
2. नेपोलियन की पराजय कब हुई थी :– 1
(क) 1814 (ख) 1815 (ग) 1816 (घ) 1817
3. 1920 में कहाँ के कांग्रेस अधिवेशन में असह्योग आन्दोलन पर मुहर लगाई गई :–1
(क) लाहौर के (ख) नागपुर के (ग) इलाहाबाद के (घ) पंजाब के।
4. 1820 से 1914 तक विश्व व्यापार 25 गुने से बढ़कर हो गया :– 1
(क) 30 गुना (ख) 40 गुना (ग) 35 गुना (घ) 50 गुना।
5. श्रीलंका को ब्रिटेन से स्वतंत्रता कब प्राप्त हुई :– 1
(क) सन् 1947 में (ख) सन् 1949 में (ग) सन् 1948 में (घ) सन् 1950 में।
6. सत्ता में साझेदारी के कारक है :– 1
(क) विवेकपूर्णता: (ख) नैतिकता (ग) ये दोनों (घ) कोई नहीं।
7. संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है :–1
(क) 20 (ख) 21 (ग) 22 (घ) 23
8. भारत में पंचायती राज की स्थापना कब हुई थी :– 1
(क) 1980 (ख) 1990 (ग) 1992 (घ) 2004
9. लौह अयस्क किस प्रकार का संसाधन है :– 1
(क) नवीकरण योग्य (ख) अनवीकरण योग्य (ग) प्रवाह (घ) जैव
10. वन्य जीव अधिनियम निम्न में से किस वर्ष लागू किया गया :– 1
(क) 1972 (ख) 1970 (ग) 1980 (घ) 1981
11. निम्न में से कौन–सी नदी बंगाल की खाड़ी में गिरती है :– 1
(क) नर्मदा (ख) कावेरी (ग) ताप्ती (घ) लूनी।
12. राजस्थान के कुछ भागों में वर्षा का सबसे शुद्ध रूप कहलाता है :– 1
(क) पालर पानी (ख) भूमिगत जल
(ग) पोपुलर पानी (घ) वर्षा जल संग्रहण।
13. हिमालय पर्वतीय प्रदेश के निम्न बाँधों में से कौन–सा पाकिस्तान में है :– 1
(क) मांगला बाँध (ख) सलाल बाँध (ग) कालागढ़ बाँध (घ) उकाई बाँध।
14. इनमें से कौन–सी रबी फसल है :– 1
(क) चावल (ख) मोटे अनाज (ग) चना (घ) कपास।
15. आर्थिक विकास का कौन मापक नहीं है :– 1
(क) प्रति व्यक्ति आय (ख) वनों का ह्रास (ग) साक्षरता दर (घ) शिशु मृत्यु दर
16. भारत का सबसे अधिक साक्षरता वाला राज्य है :– 1
(क) केरल (ख) उत्तर प्रदेश (ग) बिहार (घ) मध्य प्रदेश।
17. भारत में ग्रामीण क्षेत्र में किस क्षेत्रक का योगदान सर्वाधिक है :– 1
(क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक (ग) तृतीयक (घ) तीनों।
18. निम्न मे से किसको कृषि एवं सहायक क्षेत्रक भी कहते हैं :– 1
(क) प्रारम्भिक क्षेत्रक (ख) द्वितीयक क्षेत्रक (ग) तृतीयक क्षेत्रक (घ) चतुर्थक क्षेत्रक।

(पृष्ठ पलटिए)

19. ऋण के औपचारिक स्रोतों में शामिल नहीं है :- 1

(अ) बैंक (ब) सहकारी समिति

(स) नियोक्ता (द) इनमें से कोई नहीं।

20. आधुनिक करेंसी में सम्मिलित हैं :- 1

(क) नोट (ख) सिक्के (ग) ये दोनों (घ) इनमें से नहीं।

## खण्ड–ख (वर्णात्मक प्रश्न)

### उपखण्ड–अ

21. मारीआन और जर्मेनिया कौन थे? जिस तरह उन्हें चित्रित किया गया, उनका क्या महत्व था? 4

**अथवा**

यूरोपीय देशों की दक्षिण अमेरिका में रूचि क्यों थी?

22. लोकतंत्र में दबाब अथवा हित समूहों द्वारा कौन–कौन से कार्य किए जाते हैं? संक्षेप में वर्णन कीजिए। 4

**अथवा**

1992 के संविधान के पहले तथा बाद के स्थानीय शासन के दो महत्वपूर्ण अन्तरों को बताएँ।

23. भू–संसाधन क्या है? इसका सर्वोचित उपयोग क्यों आवश्यक है? 4

**अथवा**

भारतीय कृषि की तीन विशेषताएँ बताइए।

24. 'सकल घरेलू उत्पाद' और 'शुद्ध घरेलू उत्पाद' की अवधारणाओं को समझाइए। 4

**अथवा**

प्रच्छन्न बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं? शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए।

### उपखण्ड – ब

25. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :- 6

(क) ज्युसेपे मेत्सिनी (ख) काउंट कैमिलो दे कावूर

(ग) यूनानी स्वतन्त्रता युद्ध।

**अथवा**

असहयोग आन्दोलन कब चलाया गया? इस आन्दोलन के किन्हीं दो कारणों की विवेचना कीजिए।

26. "सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र की आत्मा है।" इस कथन की विवेचना कीजिए। 6

**अथवा**

भारत में केन्द्र और राज्यों के बीच सत्ता के बँटवारे की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

27. भारत में विभिन्न समुदायों ने किस प्रकार वनों और वन्य जीव संरक्षण और रक्षण में योगदान किया है? विस्तारपूर्वक विवेचना कीजिए। 6

**अथवा**

जल संरक्षण क्यों आवश्यक है? जल संरक्षण की चार विधियों का उल्लेख कीजिए।

28. मानव विकास का क्या अर्थ है? मानव विकास के विभिन्न सूचकों को समझाइए। 6

**अथवा**

मुद्रा के प्रादुर्भाव से वस्तु विनिमय की कठिनाईयों को किस प्रकार दूर किया जा सका है?

### (मानचित्र कार्य)

निम्नलिखित को दिये गए भारत के मानचित्र में उपयुक्त चिन्हों द्वारा नाम सहित प्रदर्शित कीजिए:- 10

29. (क) राजस्थान का राजधानी नगर —

(ख) सलाल बाँध ○ (ग) दक्षिण भारत की एक नदी – –

(घ) एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र ⬡ (ङ) असम की राजधानी। ●

नाम परीक्षार्थी.......................................अनुक्रमांक.........................

पया इस पन्ने को काटकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में सही ढंग से संलग्न करें।

